0६

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Maa Jwala Enterprises (Prop-Harishankar Jha), (Reg. No. 1220221) Add:- Tiwari Tola, Ward No.-33, Post+Ps+District-Saharsa (Bihar) Pin Code-852201 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–12458 दिनांक 11.12.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 22.12.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

06/02/2026

आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Maa Jwala Enterprises (Prop-Harishankar Jha), (Reg. No. 1220221) Add:- Tiwari Tola, Ward No.-33, Post+Ps+District-Saharsa (Bihar) Pin Code-852201 उपस्थित।

2. प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन **Package No.- MGSY/25-26/Patna/02 (Tender Id-142866)** में संवेदक Maa Jwala Enterprises (Prop-Harishankar Jha), (Reg. No. 1220221) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र फर्जी/जाली होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 12458 दिनांक 11.12.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

3. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 22.12.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए संदर्भित निविदा में Cyber Cafe द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में इनके विरूद्ध गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिये जाने के कारण कालीसूची से मुक्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

4. सुनवाई में याचिकाकर्त्ता द्वारा स्वीकार्य किया गया कि संदर्भित निविदा में अनुभव प्रमाण–पत्र साईबर कैफे द्वारा गलत अपलोड कर दी गयी।

5. उभय पक्षो को सुनने के उपरान्त यह स्पष्ट है कि सभी प्रकार के कागजात अपलोड करने के लिए संवेदक स्वयं जिम्मेदार होते है चाहे वे साईबर कैफे से कराये या स्वयं ऐसे स्थिति मे यह प्रमाणित होता है कि प्रमाण–पत्र जाली था।

अतएव याचिकाकर्त्ता/संवेदक द्वारा कालीकृत आदेश के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 12458 दिनांक 11.12.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को यथावत रखा जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

06/2/26

(दिवेश सेहरा)
सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–283 / 2025 1925 / पटना, दिनांक– 13.2.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(प्रभाष चन्द्र सिंह 'प्रबल')
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–283 / 2025 1925 / पटना, दिनांक– 13.2.26

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–283 / 2025 1925 / पटना, दिनांक– 13.2.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–283 / 2025 1925 / पटना, दिनांक– 13.2.26

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक **Maa Jwala Enterprises (Prop-Harishankar Jha) Add:- Tiwari Tola, Ward No.-33, Post+Ps+District-Saharsa (Bihar) Pin Code-852201** को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–283 / 2025 1925 / पटना, दिनांक– 13.2.26

Website

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव